## ।। कार्यालय अधीक्षक, जिला कारागृह, जयपुर।।

क्रमांकः स्थापना/डीपीसी/मु.प्र./2018–19/39-55 दिनांकः 9-1-2020

01. उप महानिरीक्षक कारागार,
रेन्ज, जयपुर।
02. अधीक्षक (संस्थापन)
महानिदेशालय कारागार राजस्थान, जयपुर।
03. अधीक्षक एवं मण्डलाधिकारी,
केन्द्रीय कारागृह, जयपुर/भरतपुर।
04. अधीक्षक, केन्द्रीय कारागृह, अलवर।
05. अधीक्षक, विशिष्ठ केन्द्रीय कारागृह श्यालावास दौसा।
06. अधीक्षक, महिला बंदी सुधारगृह, जयपुर।
07. अधीक्षक/उपाधीक्षक,
जिला कारागृह धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, जयपुर, दौसा, सीकर, झुन्झुंनू।

विषयः–प्रहरी से मुख्य प्रहरी पद पर पदोन्नति हेतु संवीक्षा परीक्षा वर्ष 2018–19 बाबत्।
प्रसंगः–श्रीमान् महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार राज0, जयपुर का आदेश क्रमांकः स्था./एच.ओ./डीपीसी/मु.प्र./2018–19/59658–62 दिनांक 08.01.2020

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि प्रासंगिक आदेश के द्वारा प्रहरी से मुख्य प्रहरी पद पर पदोन्नति हेतु चयन बोर्ड का गठन किया जाकर, अधोहस्ताक्षरकर्ता को सदस्य सचिव मनोनीत किया गया है। इस क्रम में वर्ष 2018–19 में मुख्य प्रहरी के रिक्त पदों की पूर्ति पदोन्नति के माध्यम से किये जाने हेतु आपके कार्यालय एवं आपकी कारागृह के अधीनस्थ कारागृहों पर पदस्थापित तथा आपकी कारागृह से अन्यत्र कारागृह/कार्यालय में बतौर अटैचमेन्ट अथवा अवकाश आरक्षित के रूप में कार्यरत पात्र प्रहरियों से संवीक्षा परीक्षा हेतु आवेदन पत्र प्राप्त कर, प्राप्त आवेदन पत्रों की नियमानुसार स्क्रूटनी एवं पात्रता की जाँच कर दिनांक 27.01.2020 को सांयकाल 05:00 बजे तक इस कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें, इस तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आवश्यक दिशा–निर्देशः–**

1. आवेदनकर्ता को वर्तमान पद (प्रहरी) पर दिनांक 01.04.2018 को 05 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने (05 वर्ष का अनुभव) या यदि आवेदनकर्ता स्नातक हो तो उल्लेखित (प्रहरी) पद पर 03 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने तथा सीनियर सैकण्डरी/पुरानी स्कीम के अधीन हायर सैकण्डरी हो तो उल्लेखित (प्रहरी) पद पर 04 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने पर पात्र होंगें। आवेदनकर्ता प्रहरी की शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं सीनियर सैकण्डरी/हायर सैकण्डरी होने की स्थिति में आवेदन पत्र के साथ संबंधित प्रहरी की शैक्षणिक योग्यता की अंकतालिका/प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति भी प्रेषित की जावे।

2. आवेदनकर्ता आवेदन पत्र संलग्न निर्धारित प्रारूप में भरकर आपके माध्यम से सदस्य सचिव एवं अधीक्षक, जिला कारागृह जयपुर पर भिजवायें। यदि किसी भी आवेदक का आवेदन पत्र आपके माध्यम से न भिजवाकर सीधे ही अधोहस्ताक्षरकर्ता को भिजवाया जावेगा तो आवेदन पत्र पर विचार न किया जाकर, आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया जावेगा। जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।
3. यदि आवेदनकर्ता द्वारा आवेदन पत्र में गलत सूचना भरकर प्रेषित किये जाने पर पदोन्नति परीक्षा में चयन हो जाता है तो समस्त जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

उक्त के अतिरिक्त आपके कार्यालय एवं आपकी कारागृह तथा आपके अधीनस्थ कारागृहों पर पदस्थापित समस्त प्रहरियों को उक्त पदोन्नति परीक्षा हेतु सूचित करावें एवं इस बाबत सूची तैयार कर, प्रहरियों के हस्ताक्षर करवायें जाकर उक्त की एक प्रति इस कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

वर्ष 2018—19 में मुख्य प्रहरी पद की मण्डलवार रिक्तियों का विवरण

| मण्डल का नाम | सामान्य | एस.सी. | एस.टी. | योग |
|---|---|---|---|---|
| जयपुर मण्डल | 09 | 01 | 00 | 10 |
| भरतपुर मण्डल | 05 | 00 | 01 | 06 |

नोटः—प्रत्येक आवेदन पत्र में नाम व वरिष्ठता सूची का क्रमांक एवं मण्डल का नाम आवश्यक रूप से अंकित करें, अन्यथा आवेदन पत्र अपूर्ण होने पर निरस्त कर दिया जावेगा।

संलग्नः आवेदन पत्र प्रारूप—03

भवदीय

(गोविन्द सिंह)
सदस्य सचिव एवं अधीक्षक
जिला कारागृह, जयपुर

प्रतिलिपिः निम्नाकिंत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित हैः—
1. श्रीमान् महानिदेशक एवं महानिरीक्षक कारागार राज0, जयपुर को प्रासंगिक आदेश के सन्दर्भ में सूचनार्थ सादर प्रेषित है।
2. श्री विकास कुमार, अध्यक्ष, पदोन्नति चयन समिति एवं उपमहानिरीक्षक कारागार रेन्ज, जयपुर।
3. श्री राकेश मोहन शर्मा, सदस्य, पदोन्नति चयन समिति एवं अधीक्षक, केन्द्रीय कारागृह, जयपुर।
4. प्रभारी, कन्ट्रोल रूम, मुख्यालय कारागार राज0, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त पत्र एवं संलग्नकों को सभी संबंधित कार्यालय/कारागृहों की मेल आईडी पर मेल कराने एवं दूरभाष पर सूचित कराने का श्रम करावे।

सदस्य सचिव एवं अधीक्षक
जिला कारागृह, जयपुर

# :: संवीक्षा परीक्षा हेतु आवेदन पत्र ::

| कर्मचारी का पासपोर्ट साईज फोटो जो कार्यालयाध्यक्ष द्वारा प्रमाणित हो। |
|---|

1. नाम कर्मचारी ......................................
2. पिता / पति का नाम ...............................
3. पद नाम मय बैल्ट नं. ..........................
4. वर्तमान पदस्थापन स्थान .....................................
5. वर्तमान पद पर कार्यग्रहण तिथि ............................
6. पदोन्नति हेतु पात्रता वर्ष .....................................
7. स्थाईकरण दिनांक ............................................
8. शैक्षणिक योग्यता ............................................
9. जन्म तिथि ....................................................
10. जाति (एस.सी. / एस.टी. / सामान्य) ............................
11. संतान सम्बन्धी घोषणा पत्र

| चयन मण्डल | |
|---|---|
| वरिष्ठता सूची क्रमांक | |

मै............................पद ............... कार्यालय.......................

एतद्द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि:–

(1)दिनांक 31.05.2002 तक मेरे बच्चों (पुत्र / पुत्री) की संख्या .........थी।

क्र.सं. नाम जन्म तिथि

1. ...............................
2. ...............................
3. ...............................
4. ...............................
5. ...............................

(2) दिनांक 01.06.2002 को एवं उसके पश्चात मेरे बच्चों की संख्या में हुई है एवं वर्तमान में बच्चों (पुत्र / पुत्री) की कुल संख्या........... है।

क्र.सं. नाम जन्म तिथि

1. ...........................
2. ...........................
3. ...........................

हस्ताक्षर कर्मचारी

नाम...........................

पद मय बैल्ट नं...........

कार्यालय.....................

## कार्यालय द्वारा प्रमाणीकरण

प्रमाणित किया जाता है कि श्री.............................पद .................. ने संतान संबंधी घोषणा–पत्र पर मेरे समक्ष हस्ताक्षर किये है तथा आवेदन पत्र में अंकित तथ्य सेवाभिलेख से मिलान कर प्रमाणित किये जाते है। इन्हे गत सात वर्षो में दिये गये दण्ड एवं पुरूस्कार तथा विचाराधीन विभागीय जॉच/न्यायालय प्रकरणों का विवरण निम्नानुसार है:–

1. दण्ड़

2. पुरूस्कार

3. विचाराधीन विभागीय जॉच/न्यायालय प्रकरण

हस्ताक्षर प्रभाराधिकारी
मय सील

## :: प्रवेश पत्र ::

| कर्मचारी का पासपोर्ट साईज फोटो जो कार्यालयाध्यक्ष द्वारा प्रमाणित हो। |
| --- |
| |

1. नाम कर्मचारी.........................

2. पद नाम मय बैल्ट नं........................

3. रोल नम्बर...............................

श्री ............................................... पुत्र श्री ............................ पद............................. केन्द्रीय/जिला/उप कारागृह............................ को संवीक्षा परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाती है।

1. परीक्ष केन्द्र :

2. परीक्षा दिनांक व समय :